आवासन मंडल : बुधवार नीलामी उत्सव

701 मकान बेचे, 103 करोड़ का मिला राजस्व

जयपुर @ पत्रिका. राजस्थान आवासन मंडल ने बुधवार नीलामी उत्सव के दौरान दो बुधवार में 701 मकानों की बिक्री कर 103 करोड़ का राजस्व अर्जित किया है। मण्डल आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि बुधवार को मण्डल के 320 आवास बिके, जिनसे 45 करोड़ का राजस्व मिला। गत बुधवार को 381 आवास बेचकर 58.22 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया।

उन्होंने बताया कि नीलामी उत्सव के तहत आवास योजना में मकान लेने के लिए दूसरे बुधवार को भी खरीददारों की संख्या बहुत थी। जयपुर वृत्त प्रथम में 42, वृत्त द्वितीय में 63 तथा वृत्त तृतीय में 42 आवास बिके। अलवर वृत्त में 56 आवास बिके, जिनसे मण्डल को 5.89 करोड़ का राजस्व मिला। कोटा वृत्त में 29 आवास बिके, जिनसे 2.69 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। जोधपुर वृत्त प्रथम में 16 आवास के विक्रय से 1.65 करोड़ का राजस्व व जोधपुर वृत्त द्वितीय में 5 आवास पर 67 लाख 25 हजार रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। इसी तरह बीकानेर वृत्त में 33 व उदयपुर क्षेत्र में 34 आवास बिके। उन्होंने बताया कि सभी के लिए किश्तों में 39 शहरों की 45 योजनाओं में 50 प्रतिशत तक छूट पर आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

अफसरों के आवास भी हाउसिंग बोर्ड ही बनाएगा!

विधायक आवास की तरह अब अधिकारी आवास की जिम्मेदारी भी आवासन मण्डल को दी जा सकती है। गांधी नगर में ओल्ड एमआरईसी कैंपस में अफसरों के लिए 250 मल्टी स्टोरी आवास निर्माण का जिम्मा सामान्य प्रशासन विभाग से लेकर हाउसिंग बोर्ड को देने की तैयारियां हो रही हैं। सूत्रों के अनुसार एक-दो दिन में अन्तिम निर्णय की संभावना है। बोर्ड जिस फार्मूले पर विधायकों के आवास बनाएगा उसी फार्मूले पर ओल्ड एमआरईसी कैंपस की जमीन पर 250 मल्टी स्टोरी फ्लैट्स बनाएगा। फ्लैट्स बनाने पर जितनी लागत आएगी उतनी कीमत की जमीन सरकार हाउसिंग बोर्ड को देगी और बोर्ड फायदे के हिसाब से उस जमीन का उपयोग करेगा।